समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# IND-PAK तनाव के बीच IPL स्थगित! वापस भेजे जाएंगे विदेशी खिलाड़ी, BCCI ने बुलाई इमरजेसी मीटिंग।

Publisher
Published on 09 May 2025




**आईपीएल 2025 का पंजाब और दिल्ली के बीच चल रहा मैच रद्द हो गया है. वहीं आईपीएल का पूरा टूर्नामेटं स्थगित किया जा सकता है. बीसीसीआई इसे लेकर मीटिंग कर रही है.**

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच आईपीएल टूर्नामेंट स्थगित हो सकता है. सभी विदेशी खिलाड़ी वापस भेजे जा सकते हैं. इसे लेकर बीसीसीआई ने आपातकालीन बैठक बुलाई है. पाकिस्तान की ओर से नाकाम हमलों को देखते हुए पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को भी स्थगित कर दिया गया है.

खिलाड़ियों के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन
दिल्ली-पंजाब के बीच मैच स्थगित होने के बाद बीसीसीआई ने अहम फैसला लिया है. धर्मशाला से कल शुक्रवार, 9 मई को खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और ब्रॉडकास्ट क्रू को निकाला जाएगा. बीसीसीआई आईपीएल से जुड़े इन सभी लोगों के लिए ऊना से स्पेशल ट्रेन चला सकती है. दिल्ली और पंजाब का मैच देखने आए लोगों को स्टेडियम से सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया है. सूत्रों के मुताबिक बीसीसीआई का कहना है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा.

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच स्थगित होगा IPL?
भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच आईपीएल 2025 पर फैसला कल शुक्रवार, 9 मई को आ सकता है. बीसीसीआई की आईपीएल को लेकर अहम बैठक बुलाई है. पाकिस्तान के नाकाम हमलों के चलते आईपीएल 2025 स्थगित किया जा सकता है.

पंजाब-दिल्ली के बीच मैच हुआ स्थगित

पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आज 10.1 ओवर का ही मुकाबला खेला जा सका. पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी कर रही थी. पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 101 रन बना लिए थे. इस मैच में PBKS के ओपनिंग बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने 345 गेंदों में 70 रन की धमाकेदार पारी खेली. वहीं प्रभसिमरन सिंह 28 गेंदों में 50 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे. वहीं प्रियांश के आउट होने पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर मैदान पर उतरे. लेकिन बीच मैच के दौरान ही अचानक सभी लाइट्स ऑफ कर दी गई और स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.